भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.10.2023

आरेडिका में सर्तकता प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2023 (दिनांक 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर) का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आरेडिका के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार उन्नमूलन के लिए प्रतिज्ञा की इसके साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने–अपने कार्य स्थल पर शपथ ग्रहण की।

आरेडिका के महाप्रबंधक महोदय, ने नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने तथा रिश्वत न लेने और न देने की नीति संहिताओं का अनुपालन करने के लिए शपथ दिलायी।

इस अवसर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियार, प्रधान वित्त सलाहकार श्री हमीम अहमद, प्रधान मुख्य विधुत अभियंता श्री हरीश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अमर नाथ दूबे, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम श्री अकमल वदूद, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की।

30.10.2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी